प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 शुक्रवार दिनांक 02.05.2025

मुख्य समाचारः—

- मुख्यमंत्री ने आत्मसमर्पित माओवादियों और नक्सल हिंसा से प्रभावित पच्चीस सौ परिवारों के बैंक खातों में प्रधानमंत्री आवास योजना—ग्रामीण की पहली किश्त की राशि अंतरित की।
- वेव्स शिखर सम्मेलन वैश्विक मीडिया संवाद मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में प्रारंभ।
- मुख्यमंत्री कल नवा रायपुर में पंजीयन विभाग की नवाचार आधारित दस नवीन सुविधाओं का शुभारंभ करेंगे—एआई डाटा सेंटर पार्क का भी होगा शिलान्यास।
- मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक—दो स्थानों पर गरज—चमक के साथ अंधड़ चलने, आकाशीय बिजली गिरने और ओलावृष्टि की चेतावनी दी।

मुख्यमंत्री—आवास योजना राशि

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आत्मसमर्पित माओवादियों और नक्सल हिंसा से प्रभावित पच्चीस सौ परिवारों के बैंक खातों में प्रधानमंत्री आवास योजना—ग्रामीण की पहली किश्त की राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री ने आज मंत्रालय में आयोजित वर्चुअली कार्यक्रम में प्रति परिवार चालीस—चालीस हजार रूपए के मान से कुल दस करोड़ रूपए हितग्राहियों के खातों में अंतरित किए।

इस योजना के तहत जिन पच्चीस सौ आत्मसमर्पित माओवादियों और नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों के खातों में राशि अंतरित की गई है, उनमें सर्वाधिक आठ सौ नौ परिवार सुकमा जिले के हैं। वहीं, बीजापुर जिले के पांच सौ चौरानवे, नारायणपुर के तीन सौ सोलह, बस्तर के दो सौ दो, दंतेवाड़ा के एक सौ अस्सी, कोंडागांव के एक सौ छियासठ और कांकेर के एक सौ अड़तीस परिवार शामिल हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार से विशेष आग्रह कर आत्मसमर्पित माओवादियों और नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों के लिए जो प्रधानमंत्री आवास योजना की

पात्रता की शर्तों में नहीं आ पा रहे थे, उनके लिए पन्द्रह हजार आवास स्वीकृत कराएं है। कार्यक्रम के दौरान श्री साय ने माओवादी हिंसा के शिकार परिवारों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना।

कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने भी संबोधित किया।

महतारी वंदन योजना–राशि

राज्य सरकार ने महतारी वंदन योजना के तहत पन्द्रहवीं किश्त जारी कर दी है। महिला और बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश की उनहत्तर लाख बत्तीस हजार से अधिक महिलाओं को छह सौ अड़तालीस करोड़ अड़तीस लाख रूपए की सहायता राशि उनके बैंक खातों में अंतरित कर दी गई है।

इस बीच, महिला और बाल विकास विभाग ने हितग्राही महिलाओं से आधार कार्ड अपडेट कराने की अपील की है, ताकि राशि के भुगतान में किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। गौरतलब है कि आधार कार्ड को हर दस वर्षों में अपडेट कराना अनिवार्य है। कई हितग्राहियों का भुगतान आधार इनएक्टिव होने के कारण निरस्त किया गया है। ऐसे हितग्राहियों को आधार केन्द्र में जाकर पहचान और निवास प्रमाण पत्र के साथ आधार अपडेट कराना आवश्यक है, ताकि आगामी किश्त का भुगतान सुनिश्चित हो सके।

एआई डाटा सेंटर पार्क

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल नवा रायपुर में पंजीयन विभाग की नवाचार आधारित दस नवीन सुविधाओं का शुभारंभ करेंगे। पंजीयन विभाग द्वारा आम नागरिकों की सुविधा, पारदर्शिता और दस्तावेजों की सुरक्षा के उद्देश्य से पंजीयन प्रणाली को पूरी तरह से डिजीटल और सरल बनाया गया है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय रैक बैंक द्वारा प्रस्तावित अत्याधुनिक एआई डाटा सेंटर पार्क का शिलान्यास भी करेंगे। इस एआई डाटा सेंटर पार्क की लागत एक हजार करोड़ रूपए है। तेरह एकड़ से अधिक

भूमि पर बनने वाले इस डाटा सेंटर पार्क में करीब तीन हेक्टेयर एरिया स्पेशल इकोनॉमिक जोन के विकास के लिए होगा।

वेव्स–शिखर सम्मेलन

और अब कुछ खबरें वेव्स से संबंधित –

वेव्स शिखर सम्मेलन में वैश्विक मीडिया संवाद आज सुबह मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में प्रारंभ हुआ। यह आयोजन वैश्विक मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य के साथ भारत के जुड़ाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

विदेश मंत्री डॉ सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने उद्‌घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी और परंपरा को मिलकर साथ–साथ चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी देश की अनमोल विरासत के बारे में जागरूकता को बढावा दे सकती है। उन्होंने कहा कि नवाचार ऊंचाई तक पहुंचने की कुंजी है, जो दो हजार सैंतालीस तक एक विकसित भारत का निर्माण करेगी।

इस अवसर पर सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मीडिया और मनोरंजन उद्योग जगत का बाजार लगभग तीस खरब अमरीकी डॉलर का है। उन्होंने कहा कि संस्कृति ही रचनात्मकता को प्रेरित करती है और यह सीमाओं के पार भी लोगों को जोड़ देती है।

जीएसटी–संग्रह

छत्तीसगढ़ ने अप्रैल दो हजार पच्चीस में चार हजार एक सौ पैंतीस करोड़ का वस्तु और सेवा कर–जीएसटी संग्रहण कर देश के शीर्ष पन्द्रह राज्यों की सूची में अपनी जगह बनाई है। जीएसटी संग्रहण के मामले में छत्तीसगढ़ ने केरल, पंजाब, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों को भी पीछे छोड़ दिया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि पर कहा है कि यह प्रदर्शन छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत है। राज्य संसाधन आधारित अर्थव्यवस्था से आगे बढ़कर अब एक सशक्त औद्योगिक केन्द्र के रूप में उभर रहा है। श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ को आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाना हमारा लक्ष्य है। राज्य की आर्थिक स्थिति में यह वृद्धि जनता और उद्योग जगत के सहयोग से संभव हुई है।

नीति आयोग—कार्यशाला

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर में कौशल, रोजगार और आजीविका पर नीति आयोग की कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस मौके पर राज्य के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग द्वारा चार महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इन समझौतों का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को रोजगारोन्मुख कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह कार्यशाला बदलते समय की जरूरतों के अनुरूप बेहद प्रासंगिक है।

कार्यशाला को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और नीति आयोग की प्रोग्राम निदेशक डॉक्टर सोनिया पंत ने भी संबोधित किया।

खिलाड़ी—चयन

राज्य सरकार द्वारा संचालित बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी की एथलेटिक्स खिलाड़ी संतोषी भंडारी का चयन भारतीय खेल प्राधिकरण के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भोपाल के लिए किया गया है। संतोषी भंडारी सबसे कम उम्र की खिलाड़ी है, जो बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है।

बातों—बातों—में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार प्रधानमंत्री मुद्रा योजना पर केन्द्रित रहेगा। इसके तहत प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की हितग्राही और रायपुर की युवा व्यवसायी ईशा पटेल से ली गई भेंटवार्ता प्रसारित की जाएगी। इसका प्रसारण कल तीन मई को सुबह साढ़े दस बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

मौसम

मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ अंधड़ चलने, आकाशीय बिजली गिरने और ओलावृष्टि होने की चेतावनी दी है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चन्द्रा ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत की –

समाचार संक्षेप में ...

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए रायपुर निवासी दिनेश मिरानिया के परिजनों को बीस लाख रूपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

- भारत निर्वाचन आयोग ने दो हजार सात बैच के आईएएस अधिकारी यशवंत कुमार के नाम की अधिसूचना जारी कर दी है। इसी के साथ अब आईएएस अधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले की जगह आईएएस यशवंत कुमार नये मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी होंगे।

- छत्तीसगढ़ केयरएज स्टेट रैंकिंग दो हजार पच्चीस में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए देश के सत्रह बड़े राज्यों की सूची में तीन स्थान का सुधार करते हुए चौदहवें से ग्यारहवें स्थान पर पहुंच गया है।

- बिलासपुर की सरकंडा पुलिस ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल की मौत के मामले में अपोलो अस्पताल के तत्कालीन डॉक्टर को गिरफ्तार कर बिलासपुर लाया है। स्वर्गीय शुक्ल के पुत्र ने सरकंडा थाने में अपोलो अस्पताल और फर्जी डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है।

- जांजगीर–चांपा जिले के ग्राम बुड़गहन में एक ट्रेलर ने मोटर सायकल को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में पति–पत्नी और एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई।

- एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने आज सक्ती जिले के ग्राम कैथा  निवासी रामशरण कश्यप की शिकायत पर तहसील कार्यालय में पदस्थ पटवारी पवन सिंह को बीस हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है।

संक्षिप्त–02

- रायगढ़ पुलिस ने लूटपाट करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से मोबाइल, नगद रकम और दो मोटर सायकल बरामद की है। जब्त सामानों की कीमत दो लाख बीस हजार रूपए आंकी गई है।

- कोरबा जिले के कटघोरा एसडीएम की अदालत ने नगर पालिका परिषद दीपका में उपाध्यक्ष चुनाव प्रक्रिया को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश जायसवाल की याचिका को स्वीकार कर लिया है। कोर्ट ने इस मामले में नगर पालिका अधिकारी सहित पार्षदों को नोटिस जारी किया है। मामले की सुनवाई नौ मई को होगी।

- मुंगेली कलेक्टर कुंदन कुमार ने मुख्यालय में अनुपस्थित इक्कीस  अधिकारियों और कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

- मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले के अंबागढ़ चौकी में एम्स रायपुर और यूनिसेफ के सहयोग से ''हमर पोट्ट लइका कार्यक्रम'' का आयोजन किया गया। इस दौरान पचास बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

<><><><>